# रेलवे महाप्रबंधक अमिताभ ने जोधपुर स्टेशन के कार्य का निरीक्षण किया



उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने जोधपुर में नवनिर्मित बहु अनुशासनात्मक मंडल प्रशिक्षण संस्थान का फीता काटकर उद्घाटन किया।

■ रेलवे महाप्रबंधक ने जोधपुर मंडल पर चल रही ढांचागत परियोजनाओं को तय मानकों के अनुरूप निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को जोधपुर पहुंचे। उन्होंने जोधपुर मंडल पर चल रही सभी ढांचागत परियोजनाओं को तय मानकों के अनुरूप निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने कहा कि रेलवे अधिकारी और कर्मचारी यात्री सुविधा को सर्वोपरि महत्व देते हुए सुरक्षित रेल संचालन की दिशा में आपसी समन्वय बनाए रखते हुए गंभीरतापूर्वक कार्य करें।

रेलवे महाप्रबंधक अमिताभ ने जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जोधपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे मेगा री डवलपमेंट कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया तथा कार्यकारी निर्माण एजेंसी को निर्धारित समयावधि में पूरा करने को कहा।

उन्होंने स्टेशन के मेगा रिडवलेपमेंट के पहले चरण में मुख्य बिल्डिंग को चरणबद्ध तरीके से हटाने के साथ-साथ बनने वाली नई बिल्डिंग के प्रारंभिक ढांचे का अवलोकन कर निर्माण कार्य को गति देने के लिए हर संभव उपाय करने तथा इस दौरान प्रभावित होने वाली यात्री सेवाओं की उचित मोनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

महाप्रबंधक ने ट्रॉली में बैठकर जोधपुर से राइकाबाग स्टेशनों के बीच सिगनल पॉइंट व संरक्षा मानकों की भी जांच की।

बाद में उन्होंने डीआरएम ऑफिस में डीआरएम पंकज कुमार सिंह और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जोधपुर मंडल की रिव्यू बैठक में मंडल पर चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

डीआरएम ने महाप्रबंधक को मंडल पर चल रही गतिविधियों और उपलब्धियों से अवगत कराया।

महाप्रबंधक के साथ निरीक्षण के दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे के चीफ इंजीनियर(कंस्ट्रक्शन) सुनील सिंह, डीआरएम पंकज कुमार सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक राकेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ए वासुदेवन, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक विक्रमसिंह सैनी, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) मनोहर सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर संकेत व दूरसंचार अनुपम कुमार, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक लोकेश कुमार, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (कैरेज एंड वैगन) मेजर अमित स्वामी, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त नीतीश शर्मा, मंडल वाणिज्य प्रबंधक वीरेंद्र जोशी सहित अनेक अधिकारी थे।

एक दिवसीय दौरे के दौरान रेलवे महाप्रबंधक ने जोधपुर रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय के पास नवनिर्मित बहु अनुशासनात्मक मंडल प्रशिक्षण संस्थान का फीता काटकर उद्घाटन किया। जोधपुर दौरे के तहत महाप्रबंधक अमिताभ ने रेलवे स्टेडियम में करीब 80 लाख रुपए की लागत से लगने वाली हाई मास्ट लाइटों के कार्य का भूमि पूजन के साथ शिलान्यास भी किया।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक राकेश कुमार, खेलकूद अधिकारी विपिन कुमार ,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर जोगेंद्र मीणा, सहायक मंडल इंजीनियर (मुख्यालय) रोहित पणिया सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

# मंत्री कुमावत ने वरिष्ठजनों की ट्रेन को हरी झंडी दिखाई




वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2024 के अंतर्गपाली रेलवे स्टेशन से देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर वरिष्ठजनों की ट्रेन को रवाना किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2024 के अंतर्गत आज शनिवार को वर्ष 2022 के शेष रहे यात्रियों को पाली रेलवे स्टेशन से सायं देवस्थान केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर वरिष्ठ जनो की ट्रेन को रवाना किया।

इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुये मंत्री जोराराम ने कहा कि तीर्थ यात्रा में अयोध्या में भगवान राम के दर्शन होंगे व ऋषिकेष व हरिद्वार में गंगा स्नान होगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आप सबको बधाई संदेश भेजा है और उन्होंने सभी को इसके लिये बधाई दी।

ये ट्रेन वाया भगत की कोठी जोधपुर,मेड़ता रोड होते हुए अयोध्या, हरिद्वार और ऋषिकेश के लिए रवाना हुई। देवास्थान विभाग जोधपुर , सहायक आयुक्त ओमप्रकाश पालीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिसमें पाली, जालौर, सिरोही एवं सांचौर जिले के 280 यात्रियों को य़ात्रा करवायी जायेगी।

इस अवसर पर तीर्थ यात्रा में महिलाओं ने खुशी जाहिर करते हुये रेल में भगवान के भजन व गीत भी गाये।

इस अवसर पर पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा , पूर्व उप सभापति मूल सिंह, अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ बजरंग सिंह , उपखंड अधिकारी भागीरथ , तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल, असिसटेंट कमिश्नर देवास्थान जोधपुर ओमप्रकाश पालीवाल, ओमवीर सिंह ताड़ा, प्रबंधक राजकमल त्रिवेदी ,पुखराज पटेल, त्रिलोकराम चौधरी, रामकिशोर साबु, पुखराज बंजारा आदि उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को दस साल का कारावास

■ पोक्सो न्यायालय जालोर ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को सजा सुनाई

**जालोर**, (कासं)। पोक्सो न्यायालय जालोर के विशिष्ट न्यायाधीश भूपेन्द्र कुमार सनाढ़य ने शनिवार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी सुरेश उर्फ सूर्या को दस साल के कारावास की सजा सुनाई।

प्रकरण के अनुसार अक्टूबर 2021 में नर्मदा प्रोजेक्ट के तहत उसके गांव में गायों के अवाडे लगाने का कार्य चल रहा था। उस प्रोजेक्ट में सुरेश उर्फ सूर्या पुत्र प्रभुराम निवासी बासनी कच्छावा नागौर व राकेश नाम के लडके मजदूरी के लिए उसके गांव में आये तथा तीन चार माह तक गांव में काम करने के दौरान गांव में ही कमरा लेकर रहने लगे। तथा गांव में दोनो लडके उसकी किराणो की दुकान से सामान खरीदते थे। सुरेश ने उसकी नाबालिग लडकी को बहला फूसलाकर मोबाईल नम्बर लेकर बाते करना शुरू किया। उसके बाद उसने उसकी पुत्री को पुरानी नर्सरी में ले जाकर दुष्कर्म किया।

इसके बाद उसकी पुत्री के साथ दो तीन बार बलात्कार किया। उस दौरान सुरेश ने उसका अश्लील विडियों बनाकर वायरल करने की धमकिया देकर दो बार रुपये वसूल किये।

इसके बाद इंस्टाग्राम पर उसे बदनाम करने की धमकी देता रहा। तथा इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक फोटो लगाकर बदनाम किया। इसकी जानकारी उसकी बड़ी पुत्री को मिलने पर पूरी सच्चाई का पता किया।

इसके बाद सुरेश उर्फ सुर्या के खिलाफ नाबालिग को बहला फुसलाकर दुष्कर्म कर उसका अश्लील विडियो बनाकर कई बार रूप्ये एठने का मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफतार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। पोक्सो न्यायालय के विषिश्ट न्यायाधीश भूपेन्द्र कुमार सनाढ़य ने आरोपी सुरेश उर्फ सूर्या को नाबालिग के साथ दुश्कर्म करने का दोषी मानते हुए दस साल के कारावास की सजा सुनाई। वही दस हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

सरकार की ओर से पैरवी विषिश्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुराहित ने की।

## आसाराम उपचार के बाद जेल लौटे

**जोधपुर**, (कासं)। अपने आश्रम की नाबालिग छात्रा से यौन शोषण के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को निजी आयुर्वेदिक सेंटर में इलाज के बाद वापस जेल भेज दिया गया है। इस सेंटर पर आसाराम का करीब दस दिनों तक उपचार चला है।

आसाराम वायरल बुखार से पीड़ित थे। आयुर्वेद पद्धित के चलते आसाराम का आरोग्यम आयुर्वेद सेंटर पर उपचार किया गया। डॉ. अरुण त्यागी के निर्देशन में टीम ने आसाराम का उपचार किया है। ठीक होने के बाद उन्हें वापस जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार आसाराम हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट से पैरोल मिलने के बाद महाराष्ट्र से आयुर्वेदिक पद्धित से इलजा करवाकर लौटे हैं। वह एक सितंबर, 2013 से जेल में बंद है और अब करीब 11 साल बाद पहली बार पैरोल मिली थी। आसाराम को 2018 में जोधपुर की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म का दोषी ठहराया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

# थाना स्टाफ के लाइन हाजिर के बाद लोहावट डिप्टी भी निलंबित

■ देचू थाने में युवक की मौत का मामला, शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया, लोगों ने धरना उठाया

**जोधपुर**, (कासं)। देचू थाने में दुष्कर्म के मामले में पूछताछ के लिए लाए जाने के बाद एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में पूरे स्टाफ को लाइन हाजिर करने के बाद अब लोहावट डिप्टी शंकरलाल छाबा को भी पुलिस महानिदेशक ने एक आदेश जारी कर निलंबित कर दिया है।

परिजन का आरोप था कि शराब के नशे में पुलिस ने मारपीट की, जिससे उसकी मौत हुई है। वहीं पुलिस का दावा है कि वायरलैस सैट कक्ष में खिड़की पर गमछे से लटककर युवक ने आत्महत्या की है। इससे गुस्साए लोग थाने के बाहर धरना देकर बैठ गए। हालांकि लोग देर रात समझाइश के बाद धरने से उठ गए। प्रकरण की न्यायिक जांच, एक परिजन को संविदा पर नौकरी पर सहमति बनी। एसएचओ दाउद खां सहित थाने के पूरे स्टाफ को लाइन हाजिर करने के बाद लोगों का आक्रोश शांत हुआ। इसके बाद पुलिस महानिदेशक ने एक आदेश जारी कर लोहावट डिप्टी शंकरलाल छाबा को निलंबित कर दिया है।

गौरतलब है कि फलोदी जिले के देचू थाने में दिव्यांग नाबालिग से रेप के आरोप में पूछताछ के लिए थाने ले गए युवक के सुसाइड करने को लेकर चल रहा धरना शुक्रवार देर रात समाप्त हुआ। वहीं आज युवक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया गया इस दौरान युवक के परिजन और समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

बता दें कि देचू थाना पुलिस दिव्यांग नाबालिग से रेप के मामले में पूछताछ के लिए एक युवक को थाने लेकर आई थी। थाने में उसे हवालात में रखने के बजाय कमरे में रखा गया। जहां गुरुवार देर रात उसने गले में पहने गमछे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया था।

शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोगों ने थाने के बाहर धरना देना शुरू कर दिया था। पुलिस का कहना था कि युवक को एक दिन पहले ही पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। वहीं युवक के भाई का कहना था कि उसे तीन दिन पहले पुलिस पकड़ कर लेकर गई थी और उसकी गिरफ्तारी भी नहीं दिखाई गई। उन्होंने अपने भाई की हत्या का आरोप लगाया था कहा कि पुलिस वाले रात के समय शराब पार्टी करते हैं और उन्होंने उसके भाई के साथ मारपीट करते हुए उसकी हत्या कर आत्महत्या का रूप दे दिया। इस मामले के सामने आने के बाद पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। रेंज आईजी विकास कुमार ने भी कहा कि इस मामले में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल पूरे मामले की न्यायिक जांच चल रही है।

इस घटना के बाद से पुलिस पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस आरोपी युवक को पूछताछ के लिए थाने लेकर आई थी, लेकिन 1 दिन बाद भी उसकी गिरफ्तारी नहीं दिखाई। इसको लेकर समाज के लोगों का भी रोष सामने आया था। सभी ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने, आश्रित परिवार को नौकरी देने और मामले की निष्पक्ष जांच को लेकर धरना देना शुरू कर दिया था। ये धरना शुक्रवार देर रात खत्म हुआ।

## हाईकोर्ट ने रिसर्च ऑफिसर को वापस संविदा पर लगाने के आदेश दिए

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए महिला रिसर्च ऑफिसर को वापस संविदा पर लगाने के आदेश दिए हैं।

जयपुर निवासी डॉ. श्वेता शर्मा ने दिसम्बर 2021 से जुलाई 2023 तक आयुष मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आयुर्वेदिक संस्थान जयपुर की ड्रग डिस्कवरी-डवलपमेन्ट यूनिट (डीडीडी) में संविदा पर रिसर्च ऑफिसर पद पर कार्य किया। कार्य संतोषजनक का अनुभव प्रमाण पत्र भी दिया गया। दोबारा संविदा पदों की भर्ती पर प्रार्थी को संस्थान द्वारा मौका नहीं दिया। वहीं जिस अभ्यर्थी का चयन किया था उसने भी कार्य छोड़ दिया। इस पर उसने अधिवक्ता विक्रम सिंह बावला के माध्यम से उच्च न्यायालय जोधपुर (मुख्य पीठ) में एसबी सिविल पिटीशन याचिका दायर की। सुनवाई के बाद न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर ने आदेश दिया कि जल्द से जल्द से चार सप्ताहों में अभ्यावेदन को रिसीव कर सुनिश्चित करें और याचिकाकर्ता को वापस से सेवा में नियुक्त करें।

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय के कार्यों पर चर्चा की

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा जालोर की बैठक भीनमाल रोड़ स्थित आदर्श विद्या मंदिर में शनिवार को जिलाध्यक्ष शैतानसिंह राजपुरोहित के सानिध्य और शाखा अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक के दौरान आगामी जिला शिक्षक अधिवेशन तथा जिला चुनाव की चर्चा करते हुए रूपरेखा पर विचार विमर्श हुआ। वही उप शाखा पर निर्वाचन के बाद रिक्त पदों पर शिक्षकों को मनोनीत किया गया। `कोषाध्यक्ष मुकेशकुमार द्वारा वर्तमान आय व्यय की स्थिति बताते हुए आगामी कार्यो के लिए विचार विमर्श किया गया।

## वीर दुर्गादास छात्रावास में कार्यशाला आयोजित

**बालोतरा**, (नि.सं.)। श्री क्षत्रिय युवक संघ के आनुषंगिक संगठन श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाऊंडेशन के बालोतरा टीम की एक दिवसीय कार्यशाला बालोतरा स्थित वीर दुर्गादास छात्रावास में आयोजित की गई।

कार्यक्रम में श्री क्षत्रिय युवक संघ के केंद्रीय कार्यकारी रेंवत सिंह पाटोदा ने संघ एवं इसके आनुषंगिक संगठनों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही बालोतरा जिले में फाऊंडेशन की कार्ययोजना के क्रियान्वयन को लेकर सभी प्रतिभागियों के साथ चर्चा की।

इस कार्यक्रम में फाऊंडेशन के बाड़मेर जिला प्रभारी नरेशपाल सिंह तेजमालता , चंदन सिंह चांदेसरा , स्वरूप सिंह थापन ,विरम सिंह थोब, महेंद्र सिंह गोलियां हिन्दू सिंह सिनेर, गणपत सिंह गोलियां , जितेंद्रपाल सिंह गुड़ानाल, विरम सिंह थोब , राण सिंह टापरा , विशन सिंह चांदेसरा ने भी अपने विचार रखे। बालोतरा जिले की समस्त तहसील स्तर पर फाऊंडेशन की टीम बनाने की कार्ययोजना बनाई गई जो अपनी अपनी तहसील में समाज हित के सकारात्मक मुद्दों पर लोकतांत्रिक तरीके से जागृति लायेगी और समाज हित के कार्यों को करेगी।

## मंत्री के.के. विश्नोई आज गुड़ामालानी आएंगे

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री विश्नोई रविवार को गुड़ामालानी आएंगे। इस दौरान राज्य मंत्री विश्नोई स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के.विश्नोई रविवार को प्रात: 8.15 बजे राजकीय वाहन से रवाना होकर 11.15 बजे गुड़ामालानी पहुंचेंगे। जहां विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके उपरांत रविवार शाम 5.15 बजे उनका जोधपुर के लिए प्रस्थान करने का कार्यक्रम निर्धारित है।

## सोलर प्लांट परिसर में सुरक्षा गार्ड मौत, धरना जारी

**जोधपुर**, (कासं)। बाप उपखंड क्षेत्र की बड़ी सीड में स्थित सोलर प्लांट परिसर में सुरक्षा गार्ड टोपनराम की मौत के मामले में दूसरे दिन भी धरना जारी रहा।

धरना स्थल पर बैठे लोगों का कहना है कि मृतक टोपनराम के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिलाने सहित अन्य मांगों को पूरा किए बिना धरना समाप्त नहीं किया जाएगा, और न ही शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। धरने के दौरान दोपहर बाद बड़ी संख्या में लोग बाप उपखंड कार्यालय पहुंचे, जहां एसडीएम सुखाराम पिण्डेल को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और धरनार्थियों ने जमकर नारेबाजी की।

दोपहर में उपखंड कार्यालय बाप में एसडीएम सुखाराम पिण्डेल, तहसीलदार अनोपाराम मेघवाल, डीवाईएसपी आयुष वशिष्ठ, थानाधिकारी मनोज सामरिया की उपस्थिति में वार्ता हुई। धरनार्थियों की ओर से कमेटी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बाप अध्यक्ष केसुराम मेघवाल, कृष्णपाल सिंह भाटी, महेंद्र मेघवाल, एडवोकेट भैराराम मकवाना, रुपाराम नोखड़ा और पूर्व पंचायत समिति सदस्य खेताराम मेघवाल उपस्थित रहे, लेकिन वार्ता फिर से विफल रही और सभी धरनार्थी मोर्चरी के बाहर धरना स्थल पर वापस बैठ गए।

# बाड़मेर में सफाई अभियान में सहयोग के लिए लोग जुटे, अतिक्रमण हटाने के नोटिस दिए




आमजन की भागीदारी का संदेश देने के लिए लीफ आर्टिस्ट खेतेश गोयल ने पीपल के पत्ते पर नवो बाड़मेर का संदेश उकेरते हुए कलैक्टर टीना डाबी को लीफ आर्ट तस्वीर भेंट की। फोटो-राष्ट्रदूत

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। नवो बाड़मेर अभियान के तहत देर शाम तक बाड़मेर शहर में सफाई अभियान जारी रहा। कई वार्डों में आमजन ने आगे आकर सफाई अभियान में सहयोग किया। आमजन से समझाइश का दौर भी जारी रहा।

बाड़मेर शहर में जिला कलैक्टर टीना डाबी के निर्देशन में चलाए जा रहे नवो बाड़मेर अभियान के तहत शनिवार को कई वार्डो में सफाई अभियान के जरिए कचरा हटाया गया। नालियों की सफाई के साथ बबूल की झाड़ियों की कटाई करवाई गई।

बाड़मेर शहर के वार्ड 2 में सहयोग के लिए आगे आए आमजन ने सफाई अभियान के लिए जेसीबी भी उपलब्ध करवाई। इसी तरह वार्ड 43 में बबूल की झाड़ियां कटवाई गई। पुलिस लाइन के सामने राजपूत समाज सभा भवन के पास कचरा पॉइंट से कचरा ट्रैक्टर ट्राली में भरवा कर हटवाया गया। यहां वार्ड 47 में नाले की सफाई करवाई गई।

## स्टेशन रोड पर दिए नोटिस

ऐसे कई दुकानदार है, जिला प्रशासन की समझाइए के बावजूद भी दुकान के आगे अतिक्रमण करना, सफाई न रखना ऐसी अवस्था फैला रहे हैं। नगर परिषद की ओर से नवो बाड़मेर अभियान के तहत स्टेशन रोड मुख्य बाजार की दुकानों पर दुकानदारों को नोटिस दिए गए। इनको तीन दिन के अंदर अतिक्रमण हटाकर सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। ऐसा नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

नगर परिषद् के वार्ड 32 में शनिवार को डीसीबी बैंक के सामने, लक्ष्मी सिनेमा के पास झाडियों की सफाई वार्ड 35 में पुलिस लाईन के सामने नाले की सफाई एवं कचरा प्वाइंट को व्यवस्थित करने का कार्य करवाया गया। इसी तरह वार्ड संख्या 42, 43, 44 में बीएसएफ गेट वाली रोड, नवले की चक्की रोड वार्ड 42, रूसतम पार्षद वाली गली एवं मोहनदान के घर के पास, वार्ड 43 तथा पानी की टंकी के पास, कबुतरों का चौक, महेन्द्रसिंह के मकान के पास वार्ड 44 में सफाई अभियान चलाया गया। रविवार को सायं 5 बजे से विकास अधिकारी बाड़मेर ग्रामीण एवं कनिष्ठ अभियंता हिमांशु गुप्ता के सुपरविजन में तनसिंह सर्किल के आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलेगा।

## आमजन को जोड़ने का संदेश दिया

जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे नवो बाड़मेर अभियान में अधिकाधिक आमजन की भागीदारी का संदेश देने के लिए लीफ आर्टिस्ट खेतेश गोयल ने पीपल के पत्ते पर नवो बाड़मेर का संदेश उकेरते हुए कलैक्टर टीना डाबी को लीफ आर्ट तस्वीर भेंट की।

जिला कलैक्टर टीना डाबी ने लीफ आर्टिस्ट खेतेश गोयल की अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे आमजन को नवो बाड़मेर अभियान से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी।

लीफ आर्टिस्ट खेतेश गोयल ने पीपल के पत्ते पर नवो बाड़मेर एवं श्रमदान के प्रतीक के तौर पर ऊंट एवं इस पर सवार झाडू लिए हुए व्यक्ति को उकेरते हुए आमजन से सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का अनुरोध किया है। उल्लेखनीय है कि लीफ आर्टिस्ट खेतेश गोयल समय-समय पर इस तरह की कला के जरिए सामाजिक सरोकार के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते रहे है। उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज है।

# खेलों से मानसिक तनाव कम होता है : जोराराम कुमावत

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के पीएमश्री श्री बांगड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रही 68वीं राज्य स्तरीय 17 व 19 वर्षीय छात्र वर्ग बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ।

प्रधानाचार्य एवं प्रतियोगिता संयोजक बसंत परिहार एवं निदेशालय बीकानेर से नियुक्त पर्यवेक्षक देवेन्द्र प्रसाद डाबी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री,पशुपालन एवं डेयरी,गोपालन एवं देवस्थान विभाग जोराराम कुमावत ने कहा कि किसी भी खेल में हार जीत नहीं होती खेल में खिलाड़ी या तो जीतता है या सीखता है। खेलों से न केवल मानसिक तनाव कम होता है बल्कि शरीर भी चुस्त ओर दुरस्त रहता है। उन्होंने कहा कि पाली जिला तो बास्केट खिलाड़ियोंकी खान है। ऐसे यहा के खिलाड़ी निरन्तर रूप से खेल खेलते रहे और अपने परिवार जिले व देश का नाम रोशन करे। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए सदैव प्रयासरत है।

नगर परिषद के पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा ने कहा कि आज के युग मे संस्कारित खेल की भावना की जरूरत है। जिससे की आपसी सौहार्द बढता है। यदि आप अपना खेल निरन्तर रूप से जारी रखते है तो सफलता निश्चित रूप से आपके कदम चूमेगी । उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। अत नियमित अध्ययन के साथ खेलो को भी जीवन मे महत्व देना जरूरी है। उन्होने कहा कि पाली मे बास्केटबाल का अति महत्वपूर्ण स्थान है। यहां से 5 अंतराष्ट्रीय, 88 राष्ट्रीय तथा सैकडो खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर अपने खेल का प्रदर्शन कर पाली का मान बढाया है। कार्यक्रम को प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल,जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राहुल राजपुरोहित, डिस्ट्रिक्ट क्लब सचिव राजेन्द्र सुराणा, रोटरी क्लब अध्यक्ष तारा प्रकाश खण्डेलवाल, जिला बास्केटबाल संघ के अध्यक्ष शैतान सिंह सोनीगरा,सेवा समिति के प्रमोद जेथलिया, पाली तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल, एडीईओ प्रवीण जांगिड, रामलाल कुमावत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन हितेश रामावत, रामदयाल एवं नीना शर्मा ने किया।

## गरबे की धुन पर थिरके कदम

राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर छात्राओ ने हिन्दी व राजस्थानी फिल्मो की मधुर धुनो पर मनमोहक नृत्य कर दशकों की जमकर तालिया बटोरी। उन्होने नवरात्रि स्पेशल के तहत गरबे की विभिन्न धुनो के साथ ही रूण झूण बाजे घूंघरा, राठौडा ने खम्मा घणी, मारवाड रो तुसो बाजे, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, सुनो गोर से दुनिया वालों, देश रंगीला रंगीला पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया।

## विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया

बांगड़ विद्यालय के उप प्रधानाचार्य धीरज कुमार शर्मा एवं व्याख्याता महेष व्यास ने बताया कि राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे 17 वर्ष आयु वर्ग मे सत्र पर्यन्त सीकर ने प्रथम, जैसलमेर अकादमी ने द्वितीय, जोधपुर शहर ने तृतीय, पाली ने चतुर्थ,जयपुर शहर ने पंचम, नीम का थाना ने षष्ठम,कोटा ने सप्तम तथा बाडमेर ने अष्टम स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह 19 वर्ष आयु वर्ग स्पर्धा में मे जयपुर शहर ने प्रथम, सत्र पर्यन्त सीकर ने द्वितीय, जयपुर ग्रामीण ने तृतीय, श्री गंगानगर ने चतुर्थ,सीकर ने पंचम, शाहपुरा ने षष्ठम, भीलवाडा ने सप्तम तथा राजसंमद ने अष्टम स्थान प्राप्त किया।